# INDIAN SCHOOL SOHAR
## TERM-2 EXAM ( 2017-2018 )

**Class : VIII** **SUBJECT: HINDI** **Time : 3 Hrs**

**Date : 06 -03-2018** **Marks : 80**

सामान्य निर्देश : *(1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क ,ख ,ग और घ।*

*(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(3) इस प्रश्न पत्र में कुल 19 प्रश्न हैं।*

*(4) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।*

---

## ( खंड - क ) - अपठित गद्यांश

**प्रश्न 1 अपठित गद्यांश**

युवा को सदा यह स्मरण रखना चाहिए कि उसकी आकांक्षाएँ उसकी योग्यता से कहीं बढ़ी हुई न हों।उसे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बड़ों का सम्मान करें,छोटों और बराबर वालों से कोमलता का व्यवहार करे।ये बातें आत्म -मर्यादा के लिए आवश्यक हैं।यह सारा संसार ,जो कुछ हम हैं और जो कुछ हमारा है -हमारा शरीर ,हमारी आत्मा ,हमारे कर्म, हमारे भोग हमारे घर और बाहर की दशा,हमारे बहुत-से अवगुण और थोड़े गुण सब इसी बात की आवश्यकता प्रकट करते हैं कि हमें अपनी आत्मा को नम्र रखना चाहिए।नम्रता से मेरा अभिप्राय दब्बूपन से नहीं है,जिसके कारण मनुष्य दूसरों का मुँह ताकता है,जिससे उसका संकल्प क्षीण और उसकी प्रज्ञा मंद हो जाती है,जिसके कारण आगे बढ़ने के समय भी पीछे रहता है और अवसर पड़ने पर चटपट किसी बात का निर्णय नहीं कर सकता।मनुष्य का बेड़ा अपने ही हाथ में है,उसे वह जिधर चाहे लगाए।सच्ची आत्मा वही है जो प्रत्येक दशा में ,प्रत्येक स्थिति के बीच अपनी राह आप निकालती है।

**उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए ।**

(क) युवा को किस बात का सदा स्मरण रखना चाहिए ? (1)

(ख) हमारा शरीर हमारी आत्मा आदि किस बात की आवश्यकयता प्रकट करते हैं? (1)

(ग) सच्ची आत्मा कौन-सी है ? (1)

(घ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

(ङ) 'सम्मान'और 'गुण' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए (2)

(च) युवा को किस बात का ध्यान रखना चाहिए ? (2)

(छ) प्रत्यय एवं मूल शब्द अलग करके लिखिए - नम्रता , दब्बूपन (2)

## (खंड - ख) - व्याकरण

**प्रश्न 2** निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए । **(2)**

रिषि, विग्यान, दांत , बुद्धवार

**प्रश्न 3** **नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।** **(2)**

उचित , प्रशंसा, यश , अमृत

**प्रश्न 4** **संधि कीजिए -** अति + अंत , सर्व + उदय **(2)**

**प्रश्न 5** **संधि - विच्छेद कीजिए -** विद्यालय , गायक **(2)**

**प्रश्न 6** **निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग एवं प्रत्यय अलग करके लिखिए।** **(2)**

प्रभावित , निर्भरता

**प्रश्न 7** **निम्नलिखित लोकोक्तियों को पूरा करके लिखिए ।** **(2)**

(क) उल्टा चोर ----------------------- ।

(ख) न रहेगा बाँस ----------------------- ।

**प्रश्न 8** **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** **(2)**

(क) परीक्षा का परिमाण आ गया।

(ख) उसे गरम करके समोसा खिलाओ।

**प्रश्न 9** **निम्नलिखित वाक्यों के वाच्य -भेद बताइए ।** **(2)**

(क) पंकज ने पत्र पढ़ा ।

(ख) किसान द्वारा हल चलाया जाता है।

**प्रश्न 10** **नीचे दिए गए वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेद लिखिए ।** **(2)**

(क) क्या तुम घूमने जा रहे हो ?

(ख) धूप में बाहर मत जाओ ।

**प्रश्न 11** **निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम लिखिए।** **(2)**

(क) काली घटा का घमंड घटा।

(ख) प्रियतम!बतला दो मेरा लाल कहाँ है।

## **( खंड - ग )** - साहित्य

**प्रश्न 12** **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।** **(6)**

अदब , बेनी, गर्भ , सरिता , भिनसार , फिकर

**प्रश्न 13 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** **(5)**

आटे में नमक होना, घोड़े बेचकर सोना , आँखों से ओझल होना, घी के दीये जलाना, कोल्हू का बैल होना

**प्रश्न 14 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

मैं और गहराई की खोज में किनारों से दूर गई तो मैंने एक ऐसी वस्तु देखी कि मैं चौंक पड़ी।अब तक समुद्र में अँधेरा था,सूर्य का प्रकाश ही भीतर तक पहुँच पाता था और बल लगाकर देखने के कारण मेरे नेत्र दुखने लगे थे।मैं सोच रही थी कि यहाँ पर जीवों को कैसे दिखाई पड़ता होगा कि सामने ऐसा जीव दिखाई पड़ा मानो कोई लालटेन लिए घूम रहा हो ।यह एक अत्यंत सुंदर मछली थी।इसके शरीर से एक प्रकार की चमक निकलती थी जो इसे मार्ग दिखलाती थी।इसका प्रकाश देखकर कितनी छोटी-छोटी मछलियाँ इसके पास आ जाती थीं और यह जब भूखी होती थी तो पेटभर उनका भोजन करती थी।

(क) बूँद के नेत्र क्यों दुखने लगे ? **(1)**

(ख) मछली की क्या विशेषता थी ? **(1)**

(ग) मछली अपनी भूख कैसे मिटाती थी ? **(1)**

(घ) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखो। **(2)**

**प्रश्न 15 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।** **(4)**

(i) राजा जी के लिए रजाई किसको बनानी थी ?

(ii) 'आलम आरा' फिल्म के नायक और नायिका का नाम लिखिए।

(iii) मेजर डगलस हिंदुस्तान से क्या ले गए थे ?

(iv) पक्षी और बादलों द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन -कौन पढ़ पाता है?

**प्रश्न 16 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।** **(15)**

(i) बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया ?

(ii) ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी ?

(iii) श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या -क्या सोच रहे थे ?

(iv) अंग्रेज के सामने बिलवासी जी ने झाऊलाल को पहचानने से इंकार कर दिया था पर आपके विचार से बिलवासी जी ऐसा अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे ? स्पष्ट कीजिए।

(v) गवरइया की टोपी पर दर्जी ने पाँच फुँदने क्यों जड़ दिए ?

(vi) बदलू के मन में ऐसी कौन-सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी?

## ( खंड - घ ) - लेखन

**प्रश्न 17** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (80 से 100 शब्दों में) **(5)**

(i) समाचार-पत्र

(ii) मेरे जीवन का लक्ष्य

(iii) अनेकता में एकता : भारत की विशेषता

**प्रश्न 18** डाकिए के विरुद्ध शिकायत करते हुए पोस्टमास्टर को एक पत्र लिखिए। **(5)**

या

विद्यालय की प्रधानाचार्या जी को चार दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**प्रश्न 19** डॉक्टर और मरीज के मध्य संवाद लिखिए । **(5)**

या

नया मोबाइल खरीदने के लिए पिता और पुत्र के मध्य संवाद लिखिए।

**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**SUMMATIVE ASSESSMENT I ( 2016-2017)**
**SUBJECT: HINDI**

**Class : VIII** | **Time : 3 Hours**
**Date : 29 -09-2016** | ***ANSWER KEY*** | **Marks : 90**

---

**(खंड - क)** अपठित गद्यांश (10 + 10)

उत्तर **1** गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए।

(क) (3) 1
(ख) (1) 1
(ग) (1) 1
(घ) (4) 1
(ङ) वनों की कमी से वर्षा कम होती है जिसके कारण बाढ़ एवं सूखे का प्रकोप रहता है। 1
(च) शीर्षक: वनों की कमी या वनों का विनाश 1
(छ) पेड़-पौधों , खनिज-लवण 1+1
(ज) हानि - लाभ , कम - अधिक 1+1

उत्तर **2** अपठित गद्यांश।

(क) योग-विज्ञान ने असंभव कार्यों को संभव कर दिया है। 1
(ख) संपत्ति की लालसा ने हमारे दिलों को पत्थर बना दिया है। 1
(ग) स्पर्धात्मक जीवन के कारण हम मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। 1
(घ) डायबिटीज , कैंसर , उच्च रक्तचाप आदि बीमारियाँ मानसिक तनाव के ही दुष्परिणाम हैं। 1
(ङ) शीर्षक: योग-विज्ञान 1
(च) वर्तमान काल में योग-विज्ञान स्वस्थ जीवन जीने का उत्तम विकल्प है। 1
(छ) विज्ञान , विकल्प 1+1
(ज) शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक 1+1

**(खंड - ख) - व्याकरण** (20)

उत्तर **3** वर्तनी शुदधि - उज्ज्वल 1

उत्तर 4 विलोम शब्द - अशांति , सफल 1+1

उत्तर 5 लिंग बदलिए - पाठिका , सम्राज्ञी 1+1

उत्तर 6 लिंग बताइए - सूर्य - पुल्लिंग , गंगा - स्त्रीलिंग 1+1

उत्तर 7 वचन बदलिए - लताएँ , गुरुजन 1+1

उत्तर 8 पर्यायवाची शब्द - पृथ्वी - धरती , भूमि ½+½+½+½=2

पाठशाला - विद्यालय , स्कूल

उत्तर 9 वचन बदलकर वाक्य लिखिए। 1+1

(क) वे कहानी लिखते हैं। (ख) बच्चा खेल रहा है।

उत्तर 10 कारक-भेद बताइए । 1+1

(क) पढ़ने के लिए अख़बार लाओ। - संप्रदान कारक

(ख) बंदर पेड़ पर बैठा है।- अधिकरण कारक

उत्तर 11 निषेधवाचक - गीता गाना नहीं गाती है। 1+1

प्रश्नवाचक - क्या गीता गाना गाती है ? या कौन गाना गाती है?

| उत्तर 12 | उपसर्ग | मूलशब्द | प्रत्यय | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | ½+½+½ = 1½ |
| अभिमानी - | अभि | मान | ई | ½+½+½ = 1½ |
| स्वाभाविक - | स्व | भाव | इक | |

## ( खंड - ग ) - साहित्य (35)

उत्तर 13 शब्दार्थ : 1+1+1+1+1= 5

पावन-पवित्र , शुष्क- सूखा , बहुमूल्य- कीमती , शैशव- बचपन , पराजय- हार

उत्तर 14 वाक्यानुसार 1+1+1+1+1= 5

उत्तर 15 पठित गद्यांश 1+1+1+2=5

(क) साधारण-सा दिखनेवाला बच्चा कलाम था ।

(ख) लेखक का घर रामेश्वरम की मसजिदवाली गली में था।

(ग) लेखक का बचपन बेफ़िक्री और सादेपन में बीता।

(घ) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ का नाम 'यादों के झरोखे से' एवं लेखक का नाम 'डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम' है।

उत्तर 16 संक्षेप प्रश्नोत्तर। 2+2+2+2= 8

(i) कविता में अपने देश को सँवारने और निखारने की बात कही गई है ।

(ii) कलाम के आदर्श उनके गुरु अयादुरै सोलोमन थे ।

(iii) लेखक 'मालती-माधव' पुस्तक पढ़ रहा था ।

(iv) बड़े भैया ने जीतू से घर व परिवार का ध्यान रखने को कहा ।

प्रश्न 17 दीर्घ प्रश्नोत्तर। (कोई चार) 3+3+3+3= 12

(i) आवागमन बढ़ने से अंटार्कटिक पर प्रदूषण बढ़ा,जीव-जंतुओं को हानि हुई है।

(ii) गाड़ी में बंद वानरों के उग्र व्यवहार को देखकर लेखक स्तब्ध रह गया।

(iii) कलाम को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु रामनाथपुरम जाना पड़ा ।

(iv) हवा की बात से कवि को बल मिला और उसने सीखा कि निराशाओं से हारना नहीं चाहिए।

(v) 'रथचक्र' शब्द से लेखक का तात्पर्य सदैव आगे बढ़ते रहने से है,किसी के जाने से जीवन रुकता नहीं।

## ( खंड - घ ) लेखन (15)

उत्तर 18 अनुच्छेद लेखन 3+1+1=5

विषयवस्तु-3 भाषा शैली-1 वर्तनी व स्वच्छता-1

उत्तर 19 प्रार्थना-पत्र लेखन 1+2+2=5

वर्तनी-1 विषय वस्तु-2 प्रारूप-2

उत्तर 20 संवाद लेखन 2+1+1+1=5

विषयवस्तु-2 तारतम्यता-1 भाषा शैली-1 वर्तनी व स्वच्छता-1